सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 51 | इंदौर, सोमवार 02 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# 5 जिलों में 8 इंच तक बारिश का अलर्ट

## नर्मदापुरम में तवा डैम के चार गेट खोले; खरगोन में स्कूलों की छुट्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । मध्यप्रदेश में मानसून ट्रफ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और डीप डिप्रेशन की वजह से बारिश कराने वाला स्ट्रॉन्ग सिस्टम फिर एक्टिव हो गया है। सोमवार को बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खरगोन और देवास में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। यहां 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है।वहीं, इंदौर, उज्जैन समेत 22 जिलों में तेज बारिश होगी। इन जिलों में 24 घंटे में 4 इंच तक पानी गिरने का अनुमान जताया गया है। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और बाकी जिलों में भी गरज-चमक के साथ पानी गिरने के आसार हैं। बारिश के चलते खरगोन में सभी स्कूलों में आज अवकाश घोषित किया गया है। रविवार शाम से नर्मदापुरम में तवा बांध के 7 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा था। कुछ देर बाद चार गेट बंद कर दिए गए। सोमवार सुबह से तीन गेट चार-चार फीट तक खुले हैं। इनसे 20 हजार क्यूमैक्स पानी छोड़ा जा रहा है। भोपाल के केरवा डैम के भी 3 गेट खुले हैं। ये गेट ऑटोमेटिक हैं, गवर्निंग लेवल पर पानी आने पर अपने आप खुल जाते हैं। उज्जैन के गंभीर बांध के भी 2 गेट खोलना पड़े हैं।



### 3 दिन प्रदेश में तेज बारिश का दौर

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 दिन प्रदेश में तेज बारिश का दौर बना रहेगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक प्रकाश दावले ने बताया कि सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। स्ट्रॉन्ग सिस्टम का असर अगले 24 घंटे के दौरान ज्यादा रहेगा।

### खरगोन में स्कूलों की छुट्टी घोषित

खरगोन में रविवार को शहर समेत पहाड़ी क्षेत्र में तेज बारिश हुई। खंडवा रोड पर बनी निचली बस्तियों में पानी भर गया। भोगा नाला और कुंदा नदी में बाढ़ की स्थिति है।
बारिश के अलर्ट के बीच सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी एसके कानूडे ने सभी स्कूलों में नर्सरी से 12वीं तक की क्लासेस नहीं लगाने के निर्देश दिए हैं।

### प्रदेश में सामान्य कोटा पूरा होने में 2.8 इंच पानी की जरूरत

प्रदेश में अब तक 34.5 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन के कोटे की 92% से अधिक है। 2.8 इंच पानी और गिरते ही प्रदेश में सामान्य बारिश का आंकड़ा भी पार हो जाएगा। मंडला में सबसे ज्यादा 47 इंच पानी गिर चुका है। सिवनी में आंकड़ा 45 इंच से अधिक है। रीवा में सबसे कम 23 इंच बारिश ही हुई है।
प्रदेश के 10 जिलों में 40 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। मंडला में सबसे ज्यादा 47.19 इंच बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश वाले टॉप- 10 जिलों में मंडला के अलावा सिवनी, सीधी, डिंडौरी, श्योपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा, रायसेन, नर्मदापुरम और सागर हैं।

## Headline

1. Sensex Opening Bell: शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर; सेंसेक्स 360 अंक चढ़ा, निफ्टी 25300 तक पहुंचा
2. ED Raid On AAP MLA: गिरफ्तार हो सकते हैं AAP विधायक अमानतुल्लाह?, संजय सिंह बोले- जांच हो रही है या कॉमेडी
3. Bihar News : रोहतास में भीषण हादसा, तीन दोस्तों की मौत; रोड पर दो बाइक में जबरदस्त टक्कर
4. VIP Numbers: महाराष्ट्र में वीआईपी नंबर पाना महंगा; खरीदारों को '0001' के लिए चुकाने होंगे चार की जगह छह लाख
5. बहराइच में एक और हमला: आदमखोर भेड़िये ने फिर बनाया निशाना, 2 साल की मासूम को निगला, बुजुर्ग महिला को किया घायल

# अब नई तकनीक से इंदौर में नगर निगम भरेगा गड्ढे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। सड़कों पर गड्ढों को लेकर इंदौरवासियों की नाराजगी झेल रहे नगर निगम ने नई तकनीक से पेचवर्क करने का फैसला लिया है। इसका ट्रायल रविवार सुबह भंडारी मिल मार्ग पर मेयर और सांसद की मौजूदगी में किया गया।**



पेचवर्क वाला हिस्सा दो घंटे बाद ट्रैफिक के लिए भी खोल दिया गया। इस पेचवर्क में पानी की तरी की जरुरत नहीं होती है। कंपनी को सड़कों के गड्ढे भरने की जिम्मेदारी दी गई है।

इंदौर में लगातार बारिश के कारण कई प्रमुख मार्गों पर गड्ढे हो गए। इसके कारण यातायात भी बाधित होता है। अब मौसम खुलने के बाद नगर निगम ने गड्ढे भरकर पेचवर्क करने की कवायद की है। रविवार को भंडारी मिल मार्ग पर पेचवर्क किया गया। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर भी मौजूद थे। नई तकनीक से सीमेंट को स्पेशल केमिकल में मिलाकर गड्ढे में भरा गया। दो घंटे के बाद पेचवर्क वाला हिस्सा ट्रैफिक के लिए खोल लिया गया। नई तकनीक में पहले गड्ढे का उखड़ा हुआ मटेरियल बाहर निकाला जाता है, इसके बाद जो कंकड़, पत्थर को निकालकर गड्ढे को साफ किया जाता है, ताकि बेस तैयार हो जाए। फिर गड्ढे की पहली लेयर को केमिकल भरकर समतल किया जाता है। इसके लिए 25 किलो के मटेरियल में ढाई लीटर लिक्विड मिलाकर कोठी में मटेरियल तैयार किया जाता है। इसमें डामर का उपयोग नहीं होता।खास बात यह इसमें कंपनी द्वारा बनाया गया स्पेशल इको फ्रेण्डली सीमेंट मिक्स किया जाता है। फिर इसका गड्ढे पर प्लास्टर किया जाता है। इस सीमेंट की खासियत यह है कि दो घंटे में सूख जाता है और तरी नहीं करनी पड़ती। इसके बाद सड़क का हिस्सा ट्रैफिक के लिए उपयोग किया जा सकता है।

## शहर-ग्रामीण अध्यक्ष का बदलना लगभग तय

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी बुधवार को दिल्ली दौरे पर थे। बताया जा रहा है कि पटवारी दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के संगठन मंत्री केसी वेणुगोपाल से मिले। इस दौरान प्रदेश संगठन और जिला संगठन में बदलाव को लेकर दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई।**

जीतू पटवारी के दिल्ली पहुंचने के साथ ही इंदौर शहर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष बदलने को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। वहीं कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पीसीसी चीफ प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही इंदौर व 8 अन्य जिलों के भी नए शहर और ग्रामीण अध्यक्ष की घोषणा करेंगे। पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों की माने तो ग्रामीण अध्यक्ष को लेकर नाम लगभग तय हो चुका है, वहीं शहर अध्यक्ष को लेकर तीन नामों में पेंच फंसा हुआ है। 12 जुलाई को गांधी भवन कार्यालय में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत भाजपा नेताओं के स्वागत और गुलाब जामुन खिलाने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह और जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव को नोटिस देकर निलंबित कर दिया था। इंदौर में 6 अगस्त को हुए कांग्रेस के जंगी प्रदर्शन के एक दिन पहले इंदौर शहर संगठन प्रभारी अवनीश भार्गव ने कहा था की दोनों ही अध्यक्षों का निलंबन समाप्त हो गया है। लेकिन 16 अगस्त को निलंबन झेल रहे शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव की मुश्किलें तब फिर बढ़ गई जब प्रदेश संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि निलंबन की समाप्ति का किसी तरह का आदेश संगठन ने जारी नहीं किया है। पहले जो स्थिति थी वहीं स्थिति अभी भी बरकरार है।

### अब अस्थमा का लाइफ सेविंग इंजेक्शन निकला घटिया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** पिछले एक हफ्ते से लाइफ सेविंग दवाइयों की क्वालिटी घटिया पाए जाने पर संबंधित ड्रग की बैच नं. के लॉट पर प्रदेशभर में बैन लगाया गया है। इसी कड़ी में अब अस्थमा के इलाज में इस्तेमाल होने वाला Aminophylline Injection खराब क्वालिटी का निकला। इसके चलते प्रदेशभर में इसके उपयोग पर बैन लगाया गया है। ड्रग की खराब क्वालिटी को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। मामले में चिकित्सा महासंघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। दरअसल Aminophylline फेफडों और अस्थमा के इलाज के लिए जरूरी इंजेक्शन है। इस मामले में 30 अगस्त को देवास के एसोसिएट सुपरिनटैंडेंट ने मप्र पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉर्पोरेशन लि. (MPPHSCL) को पत्र लिखकर शिकायत की थी। इसमें बताया कि मे. मार्टिन एण्ड ब्राउन बायो साइंस द्वारा सप्लाई की गई Aminophylline 25 mg/IP Injection 10 ml vial की बैच नं. MA23F66, Mfg Date 06/2023 और Exp. 05/2025 के सैंपल भोपाल लैब में टेस्ट करवाए गए थे। जांच में यह घटिया क्वालिटी के निकले। इसके साथ ही भोपाल लैब की जांच रिपोर्ट भी भेजी।

## तैलिक साहू समाज का 22 दिसंबर को भोपाल में अभा युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा नई दिल्ली से संबंद्ध मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा की प्रादेशिक बैठक एवं आम सभा रविवार को इंदौर के हवा बंगला रोड स्थित सेवन स्टेप गार्डन पर संपन्न हुई... बैठक में प्रादेशिक सभा के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्य समिति सदस्यों के साथ ही प्रदेश के समस्त जिलों के अध्यक्षों के साथ पदाधिकारियों, सदस्यों एवं वरिष्ठ समाज जनों को भी आमंत्रित किया गया था... बैठक एवं आम सभा का विधिवत शुभारंभ साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ.... कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई... इसके पश्चात अतिथियों के स्वागत का दौर शुरू हुआ... आयोजन की मेजबानी कर रहे मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा जिला इंदौर की ओर से उपस्थित समस्त आगंतुकों की आगवानी मालवा की परंपरा के अनुसार ढोलढमाके के साथ तिलक लगाकर की गई... इस दौरान मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा द्वारा वार्षिक गतिविधियों की जानकारी देने के साथ ही आगामी 22 दिसंबर को भोपाल में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय स्तर के युवक-युवती परिचय सम्मेलन की भी जानकारी दी.... तथा इसके लिए वृहद रूपरेखा बनाने को लेकर चर्चा हुई.... परिचय सम्मेलन के आयोजन को हाईटेक ढंग से करने तथा इसमें देशभर से विवाह योग्य युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के लिए भी मंथन किया गया। इस दौरान अनेक प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित भी हुए.... बैठक में उपस्थित समस्त जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों में तैलिक साहू सभा के माध्यम से किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण देने के साथ ही सामाजिक प्रगति की जानकारी भी दी... बैठक में मध्यप्रदेश के सभी 55 जिले एवं सभी तहसीलों से सैकड़ो की संख्य में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा 22 दिसंबर को होने वाले अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन के आयोजन को बड़े पैमाने पर करने को लेकर अपनी सहमति जताई गई और भी इसी तरह के कई बड़े फैसले सर्व सम्मति से लिए गए...आयोजन का समापन स्नेह भोज के साथ हुआ। आज प्रादेशिक बैठक एवं आम सभा के आयोजन में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश के अध्यक्ष ताराचंद साहू, महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू,मध्यप्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष जीवनलाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री रमेश साहू भीकनगांव सहित बड़ी संख्या में साहू समाजजन उपस्थित थे।

**देवी अहिल्या की 229वीं पुण्यतिथि पर आयोजन**

## सदगुरु अण्णा महाराज और सैकड़ों भक्तों ने राजबाड़ा पर किया 2748 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन-अभिषेक

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 229वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार सुबह 7 बजे राजबाड़ा पर 2748 पार्थिव शिवलिंग का पूजन अभिषेक किया गया। श्री दत्त माऊली सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अण्णा महाराज के सान्निध्य में सैकड़ों भक्तों ने शिवलिंग का अभिषेक किया।**



देवी अहिल्याबाई की पुण्यतिथि पर संस्थान द्वारा राजबाड़ा पर शिवलिंग पूजन का यह 18वां वर्ष था। देवी अहिल्याबाई की त्रिशताबदी जन्म जयंती वर्ष होने से इस वर्ष का आयोजन लोकमाता त्रिशताब्दी समारोह समिति के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। प्रातः कार्यक्रम की शुरुआत गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ के साथ हुई। इसके पश्चात संस्थान की महिला भक्तों द्वारा रुद्र पाठ किया गया । सदगुरु अण्णा महाराज और उपस्थित भक्तों ने मिट्टी से बने पार्थिव शिवलिंग पर दूध और पानी से अभिषेक किया। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा ताई महाजन, सांसद शंकर लालवानी, प्रदेश के मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रशांत बडवे, योगेश गेंदर, सुरेश टाकलकर, विधायक गोलू शुक्ला, उदय राजे होलकर, मालासिंह ठाकुर, सुदर्शन गुप्ता सहित अनेक नागरिकों ने सदगुरु अण्णा महाराज के साथ अभिषेक में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में देवी अहिल्याबाई की आरती की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को मिट्टी के गणेशजी की मूर्तियां वितरित की गईं। इसके साथ ही अण्णा महाराज ने सभी से आग्रह भी किया कि आने वाले गणेशोत्सव में अपने घरों में मिट्टी की मूर्ति ही स्थापित करें। विसर्जन भी शास्त्रोक्त तरीके से अपने घरों में ही करें ताकि हमारा पर्यावरण दूषित न हो। पूजन के पश्चात समस्त शिवलिंगों का विसर्जन नर्मदा नदी में किया गया ।

# महिला डॉक्टर ड्यूटी रूम का ताला तोड़ने का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमवाय अस्पताल में शनिवार रात महिला डॉक्टर रूम का ताला तोडऩे का प्रयास किया गया। इसे लेकर डॉक्टरों ने सीएमओ को शिकायत की है। बताया गया कि वहां कॉरिडोर में सिक्योरिटी गार्ड भी नहीं था। जबकि कॉरिडोर के दूसरे हिस्से में एक गार्ड सो रहा था।**

घटना रात 12.30 बजे पांचवी मंजिल के महिला डॉक्टर रूम के बाहर हुई। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट आकाश वर्मा ने कहा कि महिला डॉक्टर अंदर आराम करने गई थी। तभी एक मरीज के परिवार के शराबी युवक ने उसे तोडऩे का प्रयास किया। वहां कोई गार्ड भी नहीं था और न ही वहां सीसीटीवी कैमरा लगा है। इसकी सूचना रेजिडेंट डॉक्टर्स को उनके वाट्सएप ग्रुप से लगी। इसे लेकर सीएमओ को शिकायत की गई है।

सुपरिनटेंडेंट डॉ. अशोक यादव ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। किसी मरीज के परिजन ने ताला तोडऩे का प्रयास नहीं किया बल्कि उसे खटखटाया था। पूरे मामले की जानकारी निकाली जा रही है। वहां सिक्योरिटी गार्ड मौजूद था।

**उठा था एमवायएच की सिक्योरिटी का मामला** - गौरतलब है कि कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद सुप्रीम कोर्ट और शासन ने अस्पतालों में महिला सुरक्षा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नौ बिंदुओं की गाइड लाइन जारी की है। शुक्रवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने भी इसे लेकर सरकारी और प्राइवेट अस्पताल संचालकों की बैठक ली थी। इससे सीसीटीवी कैमरों पर खास जोर दिया था। बैठक में एमवाय अस्पताल की सुरक्षा का मामला भी उठा था कि अस्पताल कवर्ड नहीं है। अस्पताल के 6 गेट हैं। हर गेट पर सुरक्षा में कसावट जरूरी है।

## बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ी यात्री बस, तीन लोग मामूली घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के बरदरी गांव के पास महू-नीमच मार्ग पर एक यात्री बस बिजली के पोल से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में तीन यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शनिवार रात दस बजे बस (यूपी73ए8382) यूपी से सूरत की ओर जा रही थी। इसी दौरान बस चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे बस बेकाबू होकर बिजली के खंभे को तोड़ते हुए डिवाइडर में जा घुसी। घटना के समय बस में 50 से अधिक यात्री मौजूद थे। इसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों को मुंह और पैर में चोट आई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने लोगों ने बस में बैठे यात्रियों को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार कराया। बस को डिवाइडर से नीचे उतार कर यात्रियों को सुरक्षित रवाना किया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया की दुर्घटना कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक स्थानीय लोगों ने मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार कर बस को रवाना कर दिया। अस्पताल में किसी घायल के पहुंचने की कोई सूचना नहीं है।

## बाइक सवार पति-पत्नी को ट्रक ने टक्कर मारी, पत्नी की मौत

### सिर में आई थी गंभीर चोट; दोनों एक साथ पीथमपुर नौकरी पर जा रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर-पीथमपुर रोड पर सोमवार सुबह एक दंपती हादसे का शिकार हो गए। दोनों एक साथ एक ही बाइक पर नौकरी पर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में उनकी बाइक को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा है। ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना पीथमपुर के पास सागौर कुटी के यहां की है। यहां निर्मला अपने पति राजेन्द्र तोमर निवासी धार रोड के साथ बाइक पर पीथमपुर स्थित फैक्ट्री जा रही थी। रास्ते में उनकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। निर्मला सडक पर गिर गई।

उसके सिर में चोट आने से उसकी मौत हो गई। लोगों ने मौके पर ट्रक को रोका और पति-पत्नी को अस्पताल भेजा। राजेन्द्र को पैर में चोट आई है। परिवार ने बताया कि दोनों की शादी को करीब 12 साल हो गए। उनके दो बच्चे हैं। ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## कार से उड़ाया रूपयों से भरा बैग

इंदौर। पलासिया में कार के अंदर से रुपए से भरा बैग गायब कर दिया गया। निजी कंपनी का कर्मचारी माल डिलीवर करने पहुंचा तभी किसी ने कार से बैग उड़ा दिया। उसमें कलेक्शन के रूपए रखे हुए थे। पलासिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक किशोर यादव निवासी सुदामा नगर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। किशोर ने बताया कि उनकी कार से किसी ने 55 हजार रुपए से भरा बैग गायब कर दिया। बैग में कुछ डॉक्यूमेंट भी रखे थे। पुलिस ने बताया कि किशोर एफसी इंटरप्राइजेस में नौकरी करते हैं। वे कार से माल की डिलीवरी करते हैं। वह पलासिया के संविद नगर में जैन किराना पर कैरेट से माल लेकर डिलीवरी देने गए थे। कुछ ही देर में वापस आए तो बैग कार में नहीं था । आसपास ढूंढने पर भी नहीं मिला। इसके बाद थाने आकर शिकायत की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी से आरोपियों को तलाश रही है।

# युवती को रीवा से धमका रहे थे युवक, इंदौर में की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआईजी में रहने वाली एक युवती ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि उसे रीवा के युवक धमका रहे थे। उसकी सुनवाई नही हो रही थी। इससे वह परेशान थी।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोमल(18)पुत्री हनुमान दास पांडे निवासी कृष्णबाग कॉलोनी का शव रविवार रात उसके कमरे में फंदे पर टंगा हुआ मिला। पिता ने बताया कि रात में करीब 8 बजे बेटी को कॉल किया तो उसने फोन नही उठाया। उनहें शंका हुई तो वह कमरे पर गए। यहां अंदर से कुंडी लगी थी। दरवाजा तोडक़र अंदर घुसे तो कोमल फंदे पर लटकी हुई थी।

कोमल घर पर ही रहती थी। तीन साल पहले मां की मौत हो गई। परिवार में बड़ी बहन की पिता ने नागपुर शादी की। एक भाई है जो जन्माअष्टमी के समय से नागपुर में बहन के पास गया हुआ है। सूचना के बाद परिवार के लोग इंदौर आ रहे है। कोमल के पिता आंनद बाजार के यहां सिक्योरिटी सर्विस का काम करते है।

पिता हनुमान प्रसाद ने आरोप लगाया कि करीब तीन माह से कोमल को रीवा के ग्राम कोनिया तहसील त्यौथर में रहने वाला साहिल और गोलू नाम का युवक अलग अलग नंबरो से कॉल कर धमका रहे थे। उस पर बात करने के लिये दबाव बना रहे थे। दोनो धमकी देकर कहते थे कि उसकी बात नही मानी तो कही शादी नही होने देगे। जान से खत्म कर देगें। उन्होंने मोबाइल पर मैसेज भी किये थे।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी फरवरी में वह काम से रीवा गए थे। यहां पर पड़ोसियों को बेटी का नंबर मिल गया। इसके बाद वह परेशान करने लगे। बेटी ने एक नंबर ब्लॉक कर दिया तो दूसरे नंबर से कॉल किया। उनहोंने दोनो को समझाया तो हनुमान पांडे को भी जान से मारने की धमकी दी। वह मामले की शिकायत करने एमआईजी थाने आए। यहां पर पुलिस ने रीवा का मामला होने पर वहां शिकायत करने की बात कही। बाद में पिता ने रीवा में लिखित आवेदन दिया। सीएम हेल्पलाईन की। लेकिन आरोपियों पर कारवाई नही हुई ओर ना ही उन्होंने कॉल करना बंद किया। इससे बेटी काफी परेशान हो गई थी। बेटी के अकेले रहने पर उन्हें भी उसकी चिंता लगी रहती थी।

## दुकान में लगी आग बुझवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस गश्त कर रही थी तो देखा दुकान में आग की लपटें उठ रही हैं। कंट्रोल रूम को खबर दी। यंहा से फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया गया। थोड़ी देर में आग पर काबू पा लिया। केट रोड पर ओमप्रकाश मांगीलाल चौहान की हार्डवेयर की दुकान है। शनिवार रविवार की दरमियानी रात राजेंद्र नगर पुलिस गश्त कर रही थी तो देखा दुकान में आग लग गई है धुंआ निकल रहा है। अफसरों के साथ साथ पुलिस कंट्रोल रूम को भी बताया। पुलिस कंट्रोल रूम ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने एक हजार लीटर पानी खर्च कर आग पर काबू पा लिया।

## गणेशोत्सव में नवाचार पहली बार एआई से डिजाइन प्रतिमाएं

### जयरामपुर कॉलोनी में बनारस के घाट के दर्शन होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी के अध्यक्ष प्रकाश लालवानी सचिव अनिल आगा ने बताया कि गणेशोत्सव में इस बार आर्टिफिशयल इंटलीजेंस(ए आई) की इंट्री हो गई है। इस बार के गणेशोत्सव में आपको गणेशजी,पंडाल अलग अलग स्वरूप में ए आई से बने नजर आएंगे। बड़े गणेशोत्सव से जुड़े कई आयोजको ने ए आई से डिजाइन तैयार करवाकर पंडाल की डिजाइन फाइनल कर दी है मूर्तिकार से लेकर पंडाल तैयार करने वाले लोगो को वैसी ही डिजाइन के लिए कह भी दिया है ए आई से जो डिजाइन तैयार कि हे उंनमे काशी के घाट,द्वादश ज्योतिर्लिंग वाले गणेशजी से लेकर शिवलिंग से निकलते हुए गणेशजी की मूर्तियां भक्तों को दर्शन देंगी।

41 साल पुरानी सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी में इस बार पाण्डाल के बाहर काशी के घाट की प्रतिकृति और अंदर शिवलिंग से प्रकट होती गणेशजी की मूर्ति रहेगी,पाण्डाल के एक और पहाड़ियों पर बैठे विराट स्वरूप में शंकरजी भी विराजमान होंगे,समिति के अध्यक्ष प्रकाश लालवानी,सचिव अनिल आगा ने बताया कि कहते है कि गणेशोत्सव और पाण्डाल की डिजाइन ए आई से तैयार करवाई है । इसकी तैय्यारीया भी शुरू हो गई है । 7 सितंबर से 17 सितंबर तक चलने वाले गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन संगीतमय आरती,भजन संध्या,प्रसादी वितरण,पर्यावरण सरक्षंण,सामाजिक सरोकारों सहित कई आयोजन होंगे,सभी आयोजन जयरामपुर कॉलोनी स्थित बगीचे के पास होंगे।

# नवविवाहिता की मौत पर पति और जेठानी पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में रहने वाली एक महिला की मौत के मामले में उसके पति और जेठानी पर प्रताडऩा का केस दर्ज किया है। पीड़िता मोबाइल पर बात कर रही थी। इस दौरान पति ने उसकी चैटिंग पकड़ी। उसने ससुर को बताने के लिए कहा। इस डर के चलते महिला ने जान दे दी। पुलिस ने इसकी जांच की तो पति और भाभी को आरोपी बनाया।**

आजाद नगर टीआई नीरज मेंढा के मुताबिक वर्षा लोधी(22) निवासी इदरीस नगर की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति मनोहर और भाभी नमिता के खिलाफ आत्महत्या को लेकर उकसाने के मामले में केस दर्ज किया है। वर्षा ने 8 अगस्त को अपने घर में फांसी लगाई थी। देर रात करीब 12.30 बजे परिजन उसे लेकर एमवाय पहुंचे थे।

पति मनोहर ने बताया कि रात में वह बाहर बैठे थे। इस दौरान वर्षा मोबाइल पर किसी लडक़े से चैटिंग कर रही थी। जिसमें मनोहर ने उसे डांटा और कहा कि गुरुवार को पिता इंदौर आ रहे है। वह उनसे बात करेगा। इसके बाद वर्षा कमरे में चली गई और उसने दरवाजा बंद कर लिया। रात में वर्षा के जेठ पहुंचे तो उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़ा। जिसमें अंदर वह फंदे पर झूल रही थी।

### आठ माह पहले हुई शादी

मनोहर बंगाली चौराहे पर मेडिकल की दुकान संचालित करते है। वर्षा का मायका ललितपुर का है। 8 माह पहले ही दोनों की शादी हुई थी। परिवार में माता पिता बड़ा भाई, भाभी व बच्चे हैं।

### पहले भी हुई थी कहासुनी

मनोहर ने बातचीत में घटना के दिन बताया था कि वर्षा से उनकी इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की चैटिंग को लेकर पहले भी कहासुनी हुई थी। उसे चैटिंग करते हुए पकड़ा था। वह राजस्थान के किसी छोटू जगरा से चैटिंग करती थी। उसके दोनों अकाउंट में काफी चैटिंग है। इसे लेकर पहले भी उसे हिदायत दी थी। लेकिन वर्षा ने उस पर ध्यान नही दिया। पुलिस ने वर्षा के मायके पक्ष के बयान लिये थे। इसके बाद पूरे मामले में कारवाई की गई।

# थाने में आरोपी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

## जीजा के मर्डर में अरेस्ट हुआ था, भाई बोला-पुलिस ने 5 लाख मांगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, (एजेंसी)। मुरैना के सिविल लाइन थाने में रविवार सुबह हत्या के आरोपी ने खुदकुशी कर ली। उसने लॉकअप में अपने गमछे का फंदा बनाया और खिड़की की ग्रिल में फंसाकर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही एसपी समीर सौरभ भी मौके पर पहुंच गए। इस मामले में ळक, हेड कॉन्स्टेबल और एक कॉन्स्टेबल को सस्पेंड किया गया है।**

शनिवार रात करीब 10 बजे बालकृष्ण जाटव (31) उर्फ सनी पुत्र काशीराम जाटव को हत्या के आरोप में पुलिस अरेस्ट करके लाई थी। दिसंबर 2023 में अशोक जाटव नाम के युवक की हत्या हुई थी। इसी मामले में बालकृष्ण आरोपी था। अशोक रिश्ते में बालकृष्ण का जीजा लगता था। बता दें, कि मृतक के बड़े भाई कल्लू ने पुलिस पर पांच लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया था, जिसमें एक लाख 10 हजार रुपए कल (31 अगस्त) ही दिए थे। वहीं, बालकृष्ण के सुसाइड के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल्लू से वीडियो कॉल पर बात भी की। पटवारी ने एसपी को बर्खास्त करने और पुलिसवालों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है।

### अलग-अलग थानों में दर्ज थे 4-5 केस

मौके पर तहसीलदार के अलावा फोरेंसिक की टीम भी पहुंच गई है। मुरैना एएसपी डॉ. अरविंद ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का था। उसके खिलाफ चार से पांच केस अलग-अलग थानों में दर्ज थे। शुरूआती जांच में गमछे से फांसी लगाया जाना पाया गया है।

### परिजन बोले- 4 दिन पहले पकड़कर लाई थी पुलिस

सनी लक्ष्मणपुर जलालपुर वार्ड क्रमांक 63 ग्वालियर का रहने वाला था। यहां मुरैना में अपनी मामी के यहां अंबेडकर नगर जौरा रोड पर रहता था। यहां मजदूरी करता था। उसके परिजनों का आरोप है कि उसे पुलिस चार दिन पहले लेकर आई थी। उसकी मौत कैसे हो गई, इसका पुलिस ने सही-सही खुलासा नहीं किया है।

### जीतू पटवारी ने की एसपी को बर्खास्त करने की मांग

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पर पोस्ट करते हुए लिखा- क्या मप्र में दलित होना अपराध है? कटनी के बाद मुरैना में अनुसूचित जाति के लोग पुलिस के निशाने पर हैं। पुलिस थानों में ही दलितों की हत्या क्यों कर रही है। अंबेडकर की विचारधारा के लोगों से बीजेपी सरकार को इतनी नफरत क्यों है। पटवारी ने मुरैना एसपी को बर्खास्त कर आरोपी पुलिसवालों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है।

# पति को शराब में नींद की गोलियां देकर गला घोंटा

## प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की; पहाड़ पर ले जाकर शव को पेट्रोल डालकर जलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, (एजेंसी)।** सागर में महिला ने पति को शराब में मिलाकर नींद की गोलियां खिलाईं। इसके बाद प्रेमी की मदद से गला घोंटकर उसे मार डाला। प्रेमी अपने दोस्त के साथ मिलकर शव को पहाड़ी पर ले गया और पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया।वारदात सानौधा की है। 9 महीने पहले यही अधजला शव गलगल टोरिया के पठार पर मिला था। शनिवार को पुलिस ने महिला, उसके प्रेमी और एक युवक को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा के मुताबिक, बृजलाल की हत्या के आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

10 दिसंबर 2023...सानौधा के गलगल टोरिया मंदिर के पास पठार पर अधजला शव मिला। चरवाहे ने इसकी सूचना पुलिस को दी। 11 दिसंबर 2023 को मगरौन के गरीबदास अहिरवार ने शाहपुर पुलिस चौकी पहुंचकर बेटे बृजलाल अहिरवार (40) के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि बेटा बृजलाल 8 दिसंबर को घर पर बगैर कुछ बताए कहीं चला गया। तब से घर नहीं आया है।

# मदद के नाम पर महिला के साथ ठगी

## नोट की गड्डी दिखाकर उतरवा लिए मंगलसूत्र व टॉप्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, (एजेंसी)। रतलाम में शनिवार रात मदद के नाम पर एक महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पहले महिला से महिला ने मदद मांगी। किराए के रुपए मांगे। इसके बाद ठगने वाली महिला के दो पुरुष साथी आए। महिला को नोटों की गड्डी दिखाकर मंगलसूत्र व सोने के टॉप्स उतरवा कर रफूचक्कर हो गए।**

घटना कस्तूरबा नगर मेन रोड पर शक्ति नगर निवासी मंजूबाई (45) पति कैलाश राठौर के साथ हुई है। महिला खाना बनाने का काम करती है। पैदल घर जा रही थी। ठगी का शिकार होने के बाद जब महिला रोने लगी तो लोगों की भीड़ लग गई। महिला ने पूरा माजरा बताया। तब लोगों ने थाना औद्योगिक क्षेत्र को सूचना दी।

आईए थाना थाना प्रभारी राजेंद्र वर्मा ने बताया कि कस्तूरबा नगर रोड स्थित होटल राजभोग के सामने एक महिला ने मंजूबाई से किराए के रुपए मांगे। रुपए मांगने वाली महिला के साथ 8-10 साल का बच्चा भी था। महिला ने मंजूबाई से कहा कि उसके पास किराए के रुपए नहीं है। मदद कर दो। मंजूबाई ने उसे 50 रुपए दिए।

इसी दौरान दो लोग और उसके पास आए। उन्होंने मंजूबाई को नोटों की गड्डी दिखाई। बोले कि मंगलसूत्र और टॉप्स उतारकर दे दो। यह नोट की गड्डी रख लो। हम गहने लौटाए तो तुम नोटों की गड्डी लौटा देना।

मंजू बाई ने बताया कि उसे उस दौरान होश ही नहीं रहा। मंगलसूत्र और टॉप्स उतारकर दे दिए। फिर वो लोग ऑटो में बैठ निकल गए। कुछ देर बाद उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। तब वह रोने लगी। पुलिस ने मौके पर पहुंची। घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी।

# तालाब में नहाने गए तीन मासूमों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, (एजेंसी)।** मंदसौर के सुवासरा थाना क्षेत्र के देवरिया विजय में तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बच्चे दोपहर में नहाने गए थे, शाम तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तीनों बच्चो के कपड़े और जूते तालाब किनारे मिलने से शंका हुई। इसके बाद शाम करीब 4 बजे तालाब में तलाशी अभियान शुरू किया गया। एसपी हेमलता कुरील, एसडीओपी निकिता सिंह, सुवासरा थाना टीआई राजेंद्र पंवार, तहसीलदार, सहित अधिकारी व विधायक हरदीप सिंह डंग मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही बसई से गोताखोरों को भी बुलाया गया। करीब 2 घंटे की तलाशी के बाद शाम 6 बजे तीनों बच्चों के शव निकाल लिए गए। मृतकों में आदेश पिता मुकेश सूर्यवंशी उम्र (12), अनमोल पिता बालू उर्फ बालाराम सूर्यवंशी (13) और महेश पिता ईश्वरलाल सूर्यवंशी (12) शामिल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सुवासरा के शासकीय अस्पताल भेजा गया है।

# लड़की के घर में प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

## मिलने पहुंचा था, गांव में चोर की अफवाह फैली; 3 आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड,(एजेंसी)। भिंड में गर्लफ्रेंड से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना मिहोना के लेन का पुरा गांव की है। शनिवार - रविवार की दरमियानी रात 3 बजे युवक एक घर में पकड़ा गया। लड़की के घरवालों ने उसे बुरी तरह पीटा, इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।**

28 साल का जितेंद्र सिंह बघेल उर्फ जीतू लहार के साकेत नगर का रहने वाला था। लहार से लेन कापुरा गांव 15 किलोमीटर दूर है।

लेन का पुरा गांव में जब उसे लड़की के घरवाले पीट रहे थे, तो गांव में चोर घुसने की अफवाह फैल गई। सुबह 4.30 से 5 बजे के बीच गांव वाले भी जमा हो गए। पुलिस ने उसे रौन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी होने पर परिवारवाले भी पहुंच गए। पीएम के बाद शव उन्हें दे दिया गया।

मिहोना पुलिस ने युवक के भाई के बयान के आधार पर तीन लोगों को राउंड-अप किया हुआ है। हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दूर के रिश्तेदार के घर पहुंचा था जीतू

जीतू के साथ जिधर में मारपीट की गई, वो उसके दूर के रिश्तेदार का है। युवक के भाई उपेंद्र ने बताया कि छोटे भाई जितेंद्र को शनिवार रात फोन आया। वह फोन पर बातचीत करते हुए घर से निकला। मैं भी उसके साथ पीछे-पीछे आया। मेरा भाई सीधे लेन का पुरा पहुंचा। जहां वो एक घर में गया। यहां लोगों ने घेर कर उसकी मारपीट की। जब ये लोग भाई के साथ मारपीट कर रहे थे, मैं डर की वजह से भाग आया और पुलिस को सूचना दी।

### लड़की के परिजन बोले- गंदी नीयत से घुसा था

लड़की के परिवार के एक बुजुर्ग ने बताया, हारात के समय युवक हमारे घर में घुस आया था। मेरे लड़कों ने उसे पकड़ लिया। वह गंदी नीयत से हमारे घर में आया था। इस पर उसकी मारपीट कर दी। मारपीट में घायल होने की वजह से उसकी मौत हो गई है। मेरे लड़कों को पुलिस पकड़कर थाने ले गई है। मिहोना थाना प्रभारी विजय केन का कहना कि डायल 100 पर सूचना मिली थी। युवक घायल अवस्था में मिला था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# डेंटिस्ट पर रेप केस करवाने थाने पहुंची, खुद गई जेल

## सेक्सटॉर्शन गैंग में मां-बेटा, भाई और दामाद शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, (एजेंसी)। 40 साल की महिला अपने 20 साल के बेटे और भाई के साथ थाने पहुंची। थाना प्रभारी से कहा- सीहोर गांव में क्लीनिक संचालक ने दुष्कर्म किया है। केस दर्ज कीजिए। उनके बात करने के तरीके को देखकर पुलिस को शंका हुई। पुलिस ने जांच के नाम पर तीनों की डिटेल निकाली तो कहानी कुछ और निकली। रेप का केस दर्ज करवाने आए तीनों सेक्सटॉर्शन गैंग के सदस्य निकले।**

इन्होंने रतलाम-उज्जैन में ही 4 लोगों से वीडियो बनाकर, रेप केस में फंसाने का डर दिखाकर ब्लैकमेल किया और 10 लाख से ज्यादा वसूले। ये रुपए मिलने के बाद बकायदा शपथ पत्र बनवाते थे। गैंग का मास्टरमाइंड महिला का दामाद निकला। वह अब तक लोगों को डराकर 50 से 60 लाख रुपए की वसूली कर चुका है। पुलिस ने महिला, उसके बेटे और भाई को गिरफ्तार कर लिया। दामाद अभी फरार है।

### क्लीनिक में बैठी, फिर रेप-रेप चिल्लाने लगी

अफजलपुर थाना प्रभारी समरथ सिनम ने बताया कि 29 अगस्त की शाम एक महिला निवासी केलूखेड़ा जिला रतलाम अपने बेटे कमलेश मालवीय और भाई चौथमल चौहान निवासी लसूड़िया भाटी थाना सितामऊ के साथ थाने आई थी। उसने बताया कि सीहोर गांव में डेंटल क्लीनिक पर दांतों का इलाज करवाने गई थी। यहां इलाज करने वाले डॉक्टर मंगल देवड़ा ने दुष्कर्म किया। महिला की बातों पर संदेह हुआ, क्योंकि वह 50 किमी दूर रतलाम जिले की रहने वाली थी। हमने तत्काल सीहोर गांव में संपर्क किया तो पता चला कि महिला आई थी। कुछ देर क्लीनिक में बैठी रही, फिर रेप-रेप चिल्लाने लगी। उसने डॉक्टर से 5 लाख रुपए की डिमांड की। लोग जुटने लगे तो महिला भागकर थाने आ गई। पुलिस ने घटना की तस्दीक की, इनके कारनामे सामने आ गए। ये लोग अब तक 50 से 60 लाख रुपए की वसूली कर चुके हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर अफजलपुर थाने में अपराध क्रमांक 235/24 धारा 308 (1), 308(2), 308 (7) एवं 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों को मंदसौर जेल भेज दिया गया है।

### 5 साल से एक्टिव थी फैमिली सेक्सटॉर्शन गैंग ?

थाना प्रभारी सिनम ने बताया कि पड़ताल में सामने आया कि आरोप लगाने वाली महिला, उसका भाई, बेटा और दामाद रुपए की वसूली के लिए शिकार खोजते थे। पुलिस रिकॉर्ड से पता चला कि महिला का दामाद गोपाल पिताओंकारलाल लोहार निवासी ग्राम रहीमगढ़ गैंग का सरगना है। गैंग बरखेड़ा, केलूखेड़ा समेत आसपास कई लोगों को फंसाकर पहले इस तरह की अवैध वसूली कर चुके हैं। उन्हेल और नागदा जिला उज्जैन में भी लोगों से वसूली कर चुके हैं।

## संपादकीय

# मजबूत हुई भारत की अर्थव्यवस्था

कई बार साधारण-सी दिखने वाली कोई पहल आगे चलकर दूरगामी महत्त्व की साबित होती है। दस वर्ष पहले जब जन धन खाता योजना की शुरुआत हुई, तो इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई गई थीं। मसलन, अगर साधारण लोग बैंक में खाता खोल रहे हैं तो खाता चालू रखने की शर्तों को कैसे और कितने दिन तक पूरा कर पाएंगे और इससे आम लोगों के साथ-साथ देश को क्या लाभ होगा! अब यह कहा जा सकता है कि जन धन खाता योजना में महत्त्वपूर्ण कामयाबी मिली है और एक बड़ा तबका इससे लाभान्वित हुआ है। इसके अलावा, इसने देश की अर्थव्यवस्था में काफी अहम योगदान दिया है। शायद यही वजह है कि जिस समय दुनिया भर में आर्थिक उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल है, कई देशों में मंदी का माहौल है, उस समय भारत में केवल जन धन खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है। गौरतलब है कि जन धन खाता योजना शुरू होने के बाद समाज का एक बड़ा वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र के दायरे आया। इस तबके के लोगों का खाता अगर किसी बैंक या डाकघर में किसी तरह खुल भी जाता था, तो उसे बनाए रखना उनके लिए मुश्किल था। इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है। इस योजना के खाताधारकों को विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत मिली राशि सीधे हस्तांतरित करने में मदद मिलती है। आज ग्रामीण लोगों और खासकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी वित्तीय विकास का एक ठोस आधार बना है। यह देखने की बात होगी कि देश के विकास में गरीब तबकों के समावेशन के जिस मकसद से इस योजना की नींव रखी गई थी, वह आने वाले वक्त में किस हद तक वास्तव में जमीन पर उतरती है।

**अर्ज किया है..!**

*जिस मुहब्बत का जवाब न आये उसे इश्क़ कहते हैं...*

isha



*कृष्ण का सार उनके अडिग उल्लास में है। प्रेम में, युद्ध में, हर तरह के संघर्षों में, वे एक आनंदमय इंसान बने रहते हैं। जीवन को इसी तरह जीना चाहिए।*

**- जग्गी वासुदेव**

## सैर-सपाटा

# बरसाना के राधा रानी मंदिर से जुड़े हैं ये इंटरेस्टिंग फैक्ट्स



उत्तर प्रदेश के बरसाना में स्थित राधा रानी का मंदिर भी एक खास हिन्दू धार्मिक स्थल है। यहां सालभर भक्त दर्शन के लिए आते हैं। राधा-रानी का जन्म जन्माष्टमी के 15 दिन बाद भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को हुआ था। इसलिए बरसाना के लोगों के लिए यह जगह और दिन बहुत खास है। इस दिन राधा रानी के मंदिर को फूलों से सजाया जाता है। राधा रानी को छप्पन प्रकार के भोग परोसे जाते हैं। इस साल राधा अष्टमी 11 सितंबर को मनाई जाएगी। इस दिन से पहले जानिए, बरसाना के राधा रानी मंदिर से जुड़े कुछ इंटरेस्टिंग फैक्ट्स के बारे में।

### क्या आपको पता है मंदिर का इतिहास?

राधा रानी मंदिर लगभग 5000 साल पहले राजा वज्रनाभ द्वारा स्थापित किया गया था। मंदिर के निर्माण के लिए लाल और सफेद पत्थरों का इस्तेमाल किया गया, जो राधा और श्री कृष्ण के प्रेम का प्रतीक माना जाता है। राधा रानी मंदिर एक पहाड़ी पर है, जिसकी ऊंचाई लगभग 250 मीटर है।

### ब्रह्मा पहाड़ी और विष्णु पहाड़ी पर है मंदिर

बरसाना दो पहाड़ियों पर बना है जो एक दूसरे के पास है। ब्रह्मा हिल लंबी-सफेद रंग की पहाड़ी का नाम है, जबकि विष्णु हिल गहरे रंग की पहाड़ी का नाम है। पद्म पुराण के अनुसार, देवी राधा रानी भगवान कृष्ण और उनके भक्तों के चरण कमलों की धूल अपने सिर पर पाने के लिए भगवान ब्रह्मा ने बरसाना में इन पहाड़ियों का आकार लिया। इन पहाड़ियों के चार शिखर हैं- भानगढ़, मानगढ़, दानगढ़ और विलासगढ़। इनमें से हर शिखर भगवान ब्रह्मा के एक सिर का प्रतिनिधित्व करता है। जबकि शेष तीन शिखर ब्रह्मा पहाड़ी पर स्थित हैं, विलासगढ़ विष्णु पहाड़ी पर स्थित है।

### त्योहारों पर होती है अलग धूम

राधा अष्टमी और कृष्ण जन्माष्टमी यानी राधा और कृष्ण के जन्मदिन पर इस मंदिर में खास तौर पर सेलिब्रेशन किया जाता है। इन दोनों दिनों में मंदिर को फूलों और लाइटों से सजाया जाता है। इस दिन देवताओं को नए कपड़े और गहनें पहनाए जाते हैं। फिर आरती के बाद 56 प्रकार के चीजें चढ़ाई जाती हैं।

Hyderabad

# तेलंगाना-आंध्र प्रदेश में बाढ़-बारिश का कहर, 17 हजार लोग रेस्क्यू, 2.7 लाख प्रभावित, पुल बहा तो सड़क पर सोए लोग

**हैदराबाद/विजयवाड़ा, (एजेंसी) तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पिछले दो दिनों के अंदर हुई भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं. तेलंगाना के खम्मम जिले में 110 गांव जलमग्न हो गए हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में 17 हजार लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है.**

बाढ़ बारिश के कारण तेलंगाना में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आंध्र प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 8 लोगों की जान जा चुकी है. इन हालातों के बीच आंध्र-तेलंगाना सीमा के पास गरिकापाडु में पालेरू पुल को भारी नुकसान पहुंचा है. पुल का एक हिस्सा बहने के कारण नेशनल हाइवे पर यातायात बाधित



हो गया है, जिसके कारण कई लागों को सड़क पर सोकर रात बितानी पड़ रही है. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि विजयवाड़ा शहर के कई हिस्सों में बाढ़ आने के कारण 2.7 लाख से ज्यादा लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. नायडू ने कहा कि रविवार रात तक प्रकाशम बैराज से 9.7 लाख क्यूसेक बाढ़ का पानी छोड़ा गया. इस तरह की बाढ़ पिछली बार 1998 में आई थी. तब प्रकाशम बैराज से 9.24 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था. इस बार छोड़ा गया पानी 50 हजार क्यूसेक ज्यादा है.

तेलंगाना के कई हिस्सों में आई विनाशकारी बाढ़ के बीच एक पीड़ित परिवार के रेस्क्यू की कहानी सामने आई है. खम्मम में एक परिवार को स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू किया है.

Jharkhand

## सिपाही भर्ती की दौड़ में अबतक 11 अभ्यर्थियों की मौत, बीजेपी ने कुप्रबंधन का लगाया आरोप



**रांची, (एजेंसी)** सरकारी नौकरी पाने की चाह में झारखंड एक्साइज कांस्टेबल भर्ती में फिजिकल टेस्ट देने पहुंचे 11 अभ्यर्थियों की मौत हो गई. पुलिस ने इस मामले में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बीजेपी की यूथ विंग ने इस मामले में अधिकारियों पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया है.

पुलिस ने रविवार को बताया कि झारखंड में एक्साइज कांस्टेबल की भर्ती के लिए हो रहे फिजिकल टेस्ट के दौरान ग्यारह अभ्यर्थियों की मौत हो गई.

IG ऑपरेशन अमोल वी होमकर ने कहा कि एक्साइज कांस्टेबल भर्ती के लिए 22 अगस्त से रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और साहेबगंज जिलों के सात केंद्रों पर अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट शुरू हुए थे. टेस्ट के दौरान ग्यारह उम्मीदवारों की मौत हो गई.

उन्होंने बताया कि पलामू में चार, गिरिडीह और हजारीबाग में दो-दो अभ्यार्थियों की मौत हो गई, रांची, पूर्वी सिंहभूम और साहेबगंज केंद्रों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई. अभ्यर्थियों की मौत मामले में अप्राकृतिक मौत के मामले दर्ज किए गए हैं और जांच शुरू कर दी है.

होमकर ने बीजेपी यूथ विंग के आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर चिकित्सा दल, दवाएं, एम्बुलेंस, मोबाइल शौचालय और पीने के पानी सहित पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं.

Maharashtra

## ड्राइवर से झगड़ा कर पकड़ ली बस की स्टीयरिंग, नौ को कुचला; मुंबई में बड़ा हादसा

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के मुंबई में एक बस हादसे में नौ लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब रविवार शाम को नशे में धुत एक व्यक्ति ने 'बेस्ट' बस ड्राइवर से झगड़े के दौरान स्टीयरिंग पकड़ ली। इसकी वजह से बस का संतुलन बिगड़ गया और नौ पैदल यात्री उसकी चपेट में आ गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक इस घटना में घायल नौ पैदल यात्रियों में तीन की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि नशे में धुत यात्री की हरकत के कारण बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिससे शहर के लालबाग क्षेत्र में पैदल यात्री, कार और दोपहिया वाहन उसकी चपेट में आ गए।

बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) उपक्रम, बृहन्मुंबई महानगरपालिका(बीएमसी) की परिवहन इकाई है। कालाचौकी पुलिस थाने के अधिकारी के अनुसार, रूट 66 (दक्षिण मुंबई के बैलार्ड पियर से) पर एक इलेक्ट्रिक बस सायन में रानी लक्ष्मीबाई चौक की ओर जा रही थी, तभी यह घटना घटी। शराब के नशे में धुत एक यात्री का बस चालक से झगड़ा हो गया। जब बस लालबाग में स्थित गणेश टॉकीज के पास पहुंची तो उसने अचानक स्टीयरिंग पकड़ ली, जिससे वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया।

Keral

## कांग्रेस से निकाली गईं कास्टिंग काउच का आरोप लगाने वाली महिला, कहा था- इंप्रेस करना पड़ता है

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)** 'कास्टिंग काउच' का आरोप लगाने वाली महिला नेता के खिलाफ पार्टी ने बड़ा ऐक्शन लिया है और उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटा दिया है। कांग्रेस नेता सिमी रोजबेल जॉन ने आरोप लगाया था कि पार्टी के अंदर 'कास्टिंग काउच कल्चर' है। यहां पर महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए समझौते करने पड़ते हैं। उन्होंने इसकी तुलना फिल्म इंडस्ट्री में लगने वाले आरोपों से की थी। सिमी रोजवेल ने यह बातें पिछले दिनों एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में कही थी। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अनुशासन के गंभीर उल्लंघन के चलते सिमी रोजबेल जॉन के ऊपर यह कार्रवाई की गई है।

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दावा किया कि सिमी राजनीतिक शत्रुओं के साथ मिलकर पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं की छवि खराब कर रही



हैं। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, केपीसीसी की राजनीतिक मामलों की समिति की महिला नेताओं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला पदाधिकारियों और कांग्रेस की महिला इकाई की प्रमुख ने संयुक्त रूप से पार्टी नेतृत्व से शिकायत की थी। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की पूर्व सदस्य जॉन के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया था।

खेल

# निषाद कुमार ने जीता सिल्वर, पेरिस पैरालंपिक में भारत की झोली में आया 7वां मेडल

**नई दिल्ली। निषात कुमार ने पेरिस पैरालंपिक में सिल्वर मेडल जीतकर भारत की झोली में 7वां मेडल डाला है। इस एथलीट ने हाई जंप टी47 के इवेंट में लगातार दूसरी बार सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। पेरिस से पहले वह टोक्यो पैरालंपिक में भी इसी इवेंट में सिल्वर मेडल जीते थे। निषाद ने 2.04 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई और यूएसए के रोडरिक टाउनसेंड से पीछे रहे, जिन्होंने गोल्ड पर कब्जा जमाया। बता दें, रोडरिक टोक्यो में भी गोल्ड मेडल जीते थे।**




निषाद कुमार ने हाई जंप टी47 इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 खिलाड़ियों के बीच दबदबा बनाया। हालांकि, टाउनसेंड ने 2.12 मीटर का मार्क पार करते हुए सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। निषाद 2.08 मीटर पार करने के तीसरे प्रयास में असफल होने के बाद निराश दिखे। हालांकि, टाउनसेंड उनके पास पहुंचे और गले मिले, जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

रोडरिक टाउनसेंड और निषाद कुमार के अलावा तटस्थ पैरालंपिक एथलीटों का प्रतिनिधित्व करने वाले जॉर्जी मार्गिएव ने 2 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया।

इस बीच, एक अन्य भारतीय हाई जंपर राम पाल 1.95 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ सातवें स्थान पर रहे।

निषाद के पदक के साथ भारत अब तक एथलेटिक्स में तीन पदक जीत चुका है। इससे पहले पेरिस में प्रीति पाल ने महिलाओं के टी35 वर्ग की 100 और 200 मीटर इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। बता दें, टोक्यो में भारत ने ट्रैक एंड फील्ड में 8 पदक जीते थे।

सिनेमा

## स्त्री-3 या भेड़िया-2, दोनों में से पहले कौन-सी फिल्म होगी रिलीज? राजकुमार राव ने दिया जवाब




राजकुमार राव इन दिनों अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं लोग उनसे एक ही सवाल पूछ रहे हैं, 'स्त्री यूनिवर्स की अगली फिल्म कौन-सी होगी?' क्योंकि 'स्त्री 2' के खत्म होने के बाद 2 पोस्ट क्रेडिट सीन्स दिखाए गए हैं। एक वरुण धवन से जुड़ा हुआ है और एक अक्षय कुमार से। ऐसे इंटरव्यू के दौरान, राजकुमार से पूछा गया कि स्त्री यूनिवर्स की अगली फिल्म 'भेड़िया 2' होगी या फिर 'स्त्री 3'? पढ़िए उन्होंने क्या कहा।

राजकुमार राव ने पहले बॉलीवुड हंगामा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ नहीं पता है। लेकिन फिर उन्होंने कहा कि शायद 'भेड़िया 2' पहले आएगी। उन्होंने इसके पीछे का कारण समझाते हुए कहा, 'स्त्री' का दूसरा पार्ट आ चुका है, लेकिन 'भेड़िया' का दूसरा पार्ट अभी तक नहीं आया है। ऐसे में 'स्त्री' के तीसरे पार्ट से पहले वरुण धवन की हॉरर कॉमेडी फिल्म का सीक्वल आ सकता है।

इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें 'स्त्री 3' के बारे में कोई जानकारी है? तब उन्होंने कहा, 'बनेगी, जरूर बनेगी और कोशिश करेंगे कि 'स्त्री 3', 'स्त्री 1' और 'स्त्री 2' से भी बेहतर बने।

## Highlights

1. 10 more dead, 26 NDRF teams deployed amid floods in Andhra & Telangana
2. IT employees asked to work from home in Cyberabad amid heavy rain
3. Good quality: Chinese Embassy spokesperson Yu as she praises Indian medicines
4. IAS officer Sarada succeeds her husband V Venu as Kerala's Chief Secretary
5. Out-of-series VIP number to cost up to ₹18 lakh, more than many cars' price, in Maha
6. Drunk man grabs steering wheel of moving bus in Mumbai, 1 killed

# Three key changes in September that can impact your GST return filing

**NEW DEIHI, (Agency).** Your GST return filing may see significant changes in September that can impact your compliance and financial reporting processes. These changes include new reporting thresholds and liability adjustments which will impact every taxpayer. In a post on social media platform X (formerly Twitter) chartered accountant Anupam Sharma said that starting September, any supply valued above ₹1 lakh must be reported in GSTR-1's Table B2CL as per Notification No. 12/2024 issued on July 10, 2024.




This will enhance accuracy in reporting and improve the transparency of high-value transactions. Moreover, taxpayers now have the ability to report negative liability in GSTR-3B's Table No. 3 which will be automatically carried forward to the next month's return.

Another update is that from September 1, GSTR-1 or IFF will be blocked if taxpayers fail to add and validate their bank account details in the GST registration.

Anupam Sharma said, "If you haven't added and validated your bank account details in your GST registration, your GSTR-1 / IFF will be blocked."

This comes as Gross GST collections in August grew 10 per cent to about ₹1.75 lakh crore, reflecting higher domestic consumption. As per the government data, gross GST revenues from domestic transactions grew 9.2 per cent to about ₹1.25 lakh crore. Revenues from import of goods were up 12.1 per cent to ₹49,976 crore.

In July, gross Goods and Services Tax (GST) mop-up was ₹1.82 lakh crore, while in August last year it was ₹1.59 lakh crore.

# Maruti Suzuki cuts prices: Alto and S-Presso get cheaper

**NEW DEIHI, (Agency).** Maruti Suzuki announced a reduction in prices of select variants of two models. Effective from today, price of S-Presso LXI Petrol, originally priced at ₹5.01 lakh (ex-showroom), has been reduced by ₹2,000. Meanwhile, price of the Alto K10 VXI Petrol has been reduced by ₹6,500.

This comes as Maruti Suzuki reported a 3.9 per cent decline in total vehicle




sales for August 2024 with 181,782 units sold, down from 189,082 units in the same month last year.- The company sold 145,570 units domestically and exported 26,003 units in August.

The company saw a significant drop in the mini and compact segments in which sales fell to 68,699 units from 84,660 units in August 2023.

Dispatches of compact cars, including Baleno, Celerio, Dzire, Ignis and Swift, also saw a decline of 20 per cent to 58,051 units as compared to 72,451 units in the year-ago month. Utility vehicle dispatches, consisting of Grand Vitara, Brezza, Ertiga, Invicto, Fronx and XL6, however rose to 62,684 units last month as compared to 58,746 units earlier.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...




WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक